**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूंछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>1(क) क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के विभिन्न संकायों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कुल रिक्त पदों की संख्या कितनी है तथा इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करायेंगे ?</td>
<td>
<u>महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी,</u>
<table>
<tr><th>पद</th><th>रिक्त</th><th>भरे जाने की स्थिति</th></tr>
<tr><td>शिक्षक</td><td>79</td><td>पद विज्ञापित</td></tr>
<tr><td>कर्मचारी</td><td>89</td><td>चयन हेतु उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन प्रेषित</td></tr>
</table>
<u>संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी,</u>
<table>
<tr><th>पद</th><th>रिक्त</th><th>भरे जाने की स्थिति</th></tr>
<tr><td>शिक्षक</td><td>76</td><td>पद विज्ञापित</td></tr>
<tr><td>कर्मचारी</td><td>126</td><td>समूह-क के रिक्त 11 पदो के सापेक्ष 02 पद विज्ञापित किये जा चुके है। उप पुस्तकालयाध्यक्ष के 03 पद विज्ञापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। कुलसचिव-01, उप कुलसचिव-02, वित्त अधिकारी-01, लेखाधिकारी-01 तथा परीक्षा नियंत्रक के 01 पद पर चयन/पदोन्नति की कार्यवाही की जा रही है। समूह-ख के रिक्त 22 पदों के सापेक्ष 16 पद विज्ञापित किये गये है। विक्रय अधिकारी-01 तथा चिकित्सा अधिकारी के 02 पदों पर चयन की कार्यवाही हेतु पदों के विज्ञापन की कार्यवाही की जा रही है । सहायक कुलसचिव के 03 पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जा रही है।<br>समूह-ग के 93 पदों के सापेक्ष 46 पदों का अधियाचन उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा गया है। शेष 47 पदों के चयन हेतु अधियाचन भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।</td></tr>
</table>
<u>पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर</u>
<table>
<tr><th>पद</th><th>रिक्त</th><th>भरे जाने की स्थिति</th></tr>
<tr><td>शिक्षक</td><td>40</td><td>चयन की कार्यवाही प्रचलित</td></tr>
<tr><td>कर्मचारी</td><td>74</td><td>तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के अधिसंख्य पद के रूप में सृजित 115 पदों के सापेक्ष तृतीय श्रेणी के 60 एवं चतुर्थ श्रेणी के 51 कार्मिक पूर्व से ही कार्यरत हैं।</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

**चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया**

| पद | रिक्त | भरे जाने की स्थिति |
|---|---|---|
| शिक्षक | 38 | चयन की कार्यवाही प्रचलित |
| कर्मचारी | 49 | गैर शैक्षणिक संवर्ग के समूह-ग (कनिष्ठ लिपिक के 24, आशुलिपिक के 03 तथा स्टोर कीपर का 01) के 28 पदों पर चयन हेतु अधियाचन उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित किया गया है।<br>कनिष्ठ लिपिक के 06 रिक्त पदों पर अधियाचन प्रेषित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है।<br>उप कुलसचिव का 01 पद व सहायक कुलसचिव के 01 पद पर शासन स्तर से नियुक्ति की जानी है। वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 का 01, लेखाकार का 01 तथा अधीक्षक के 03 पद पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने है।<br>आउट सोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले 08 पदों (कम्प्यूटर प्रोग्रामर का 01, कम्प्यूटर ऑपरेटर गेड-ए के 05 तथा चपरासी 02) को भरे जाने की कार्यवाही प्रचलित है। |

| | |
|---|---|
| (ख) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

01/08/23

(योगेन्द्र उपाध्याय)

मंत्री।